# प्रेस नोट दिनाँक- 23.11.2023

**(1).** आज दिनाँक 23.11.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(2).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 23.11.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के तहत सार्वजनिक स्थलो जैसे- चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य

करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित ‘‘एंटी रोमियो स्क्वायड’’ टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है।

**(3).** आज दिनाँक-23.11.2023 को पुलिस बलों के अप्रतिम शौर्य एवं अटूट कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक ‘‘पुलिस झण्डा दिवस’’ के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में क्षेत्राधिकारी कार्यालय/लाइन्स श्री राजकमल द्वारा ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी गयी और क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय द्वारा थाना राजापुर में ध्वजारोहण किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी में ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी गयी। बाद ध्वजारोहण अपने अधीनस्थ नियुक्त अधि0/कर्मचारीगणों को श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय के संदेश को पढ़कर सुनाया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रभारी सोशल मीडिया सेल निरीक्षक श्री विजय सिंह,वाचक पुलिस अधीक्षक निरीक्षक श्री परितोष दीक्षित व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(4).** आज दिनाँक-23.11.2023 को पुलिस बलों के अप्रतिम शौर्य एवं अटूट कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक ‘‘पुलिस झण्डा दिवस’’ के अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला द्वारा पुलिस लाइन चित्रकूट में ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी गयी। बाद ध्वजारोहण शांति स्थापना हेतु सतत सक्रिय चित्रकूट पुलिस के समस्त अधि0/जवानों को पुलिस झण्डा दिवस की अनन्त शुभकामनाएं देते हुये श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय के संदेश को पढ़कर सुनाया गया।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स शिवनारायण,प्रभारी निरीक्षक 112 श्री शिवमूरत यादव व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(5).   पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री अजीत कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी रगौली उ0नि0 श्री राजीव कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त 1. छेदीलाल पुत्र गोरेलाल निवासी कंठीपुर थाना कर्वी 2.मुन्ना पुत्र भुनवा निवासी बालापुर खालसा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 1260/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामातलाशी से 190/- रुपये बरामद हुये । अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**बरामदगीः-**

1. मालफड़ 1260/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते
2. जामातलाशी से 190/- रुपये

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1. चौकी प्रभारी रगौली उ0नि0 श्री राजीव कुमार सिंह थाना कोतवाली कर्वी
2. शुभम शर्मा

**(6).**   युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा जनपदीय पुलिस विभाग के साथ स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम चलाये जाने के क्रम में आज दिनांक 23.11.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी राजापुर/नोडल अधिकारी स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरियेन्शल लर्निंग प्रोग्राम श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की उपस्थिति में धनुष चौरहा कर्वी पर यातायात जागरुकता अभियान चलाया गया। SPEL कार्यक्रम के अन्तर्गत गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय चित्रकूट से चयनित 50 छात्रों को धनुष चौराहे पर

महोदया एवं प्रभारी निरीक्षक यातायात द्वारा यातायात के नियमों के प्रति जागरुक किया एवं छात्रों के द्वारा वाहन चैकिंग करा लोगों को गुलाब का फूल देकर यातायात के नियमों को पालन करने हेतु कहा गया।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक यातायात श्री मनोज कुमार चौधरी, टीएसआई शैलेन्द्र सिंह व अन्य यातायात के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।